**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भारी बारिश के चलते ग्यारह सड़के हुई बंद

**कहर**

## जिले में अब तक नही पहुची एनडी आरएफ की टीम

■ आपदाग्रस्त क्षेत्रों में दशहत का माहौल बरकरार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जिले व तहसील क्षेत्र में बीते सोमवार की रात्रि से भारी बारिश का कहर जारी है। बता दें कि चीन सीमा को जोड़ने वाले तवाघाट घटिया बगड लिपुलेख और तवाघाट सोबला मार्ग दारमा सहित ग्यारह मार्ग बंद है। लगातार हो रही बारिश के चलते आपदाग्रस्त क्षेत्रों में दशहत का माहौल बरकरार है।

वही जिलें रूकरूक कर बारिश हो रही है तो सीमांत तहसील के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में मौसम के बन रहे रौद्र रूप को लेकर इलाके के लोगों में दहशत बढ़ती जा रही है। इलाके के थल मुंसयारी मार्ग में हरडिया के पास भारी मलबा आने से बंद हो चुका है। मार्ग के खुलने में काफी दिक्कते बन रही है। तेजम सामा कपकोट बागेश्वर मार्ग भी बंद होने की वजह से आठ ग्रमीण सडकें बंद हो चुकी है। ऐसे हालातों में ग्रमीण क्षेत्रों में दुश्वारियां बढ़ने लगी है। सीमांत तहसील मुसयारी में वाहन तो दूर लोगों का पैदल चलना तक मुशिकिल हो गया है। क्षेत्र में हो रही बारिश से आम जन जीवन घरों में ही सिमट चुका है।



सीमांत तहसील धारचूला में लगातार बारिश के होने का सिलसिला जारी है। सीमा को जोडने वाले दोनों मार्ग पूरी तरह बंद हो चुके है। वही गलाती रमतोली गांव का संपर्क भंग हो गया है। इलाके में दोनों पुलों के बह जाने से क्षेत्र के ग्रमीणों का गांवों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के ग्रमीणों द्वारा स्वंय के बलबुते पुल को तैयार किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक बंद पड़े मार्ग है तवाघाट घटिया बगड लिपुलेख मार्ग,तवाघाट सोबला तिदांग मार्ग, तेजम सामा कपकोट मार्ग, बासबगड कोटा पंद्रह पाला मार्ग, नाचनी भैसकोट मार्ग सिर्खा सिदांग मार्ग, नैनी अल्काथल मार्ग थल मुसयारी मार्ग, पौडी गंटकूना मार्ग, बंगापानी जाीाजिबली मार्ग बंद हो चुका है।

बता दें कि अब आपदा की द्रष्टि से अतिसंवेदन शील जिले में शामिल सीमांत जिले के आपदाग्रस्त इलाको में अब तक एनडीआरफ की टीमें नही पहंच पाई है। आपदा की घटनाओं से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा मानसून शुरू होने से पहले जहां एनडीआरफ की टीमें को समय पर भेज देता था वहां अब तक टीमे नही भेजे जाने से क्षेत्र के लोगों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है।

## न्यूज डायरी

### नही थमा अधिकारी और विधायक के बीच का विवाद

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जौलजीवी मदकोट मुंसयारी मार्ग पर फगुवा के पास बंद सड़क खोलने को लेकर बीआरो अधिकारी और क्षेत्र के विधायक हरीश धामी के बीच विवाद के चलते पिछले तीन रोज बीत चुकने के बाद भी बीआरो के मजदूरों ने बंगापानी व दरकोट के बीच कार्य करने में अब तक कोई भी मंशा नही दिखाई दे रही है। वही कार्य के न होने से क्षेत्र के लोगों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के मुताबिक यह मामला पिछले शनिवार को उपजा था। वही बीआरो के अधिकारी व धारचूला के विधायक हरीश धामी के बीच मार्ग को खोलने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मगर यह मामला अब तक नही सुलझ पाया है।

### यूजेवीएनएल ने अवैध नियुक्त सहायक अभियंता की डीजीएम पद पर कर दी ताजपोशी

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि यूजेवीएनएल द्वारा वर्ष 2005 में अधिशासी अभियंता के पदों पर भर्ती प्रक्रिया हेतु विज्ञापन जारी कराया गया तथा साक्षात्कार में प्रतिभाग करने वाले दो सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई तथा उसी दिन साक्षात्कार प्रक्रिया में असफल हुए दो अभ्यर्थियों को बिना किसी औपचारिकता के सहायक अभियंता के पद पर नियुक्ति प्रदान कर दी गइ। उच्च शिक्षित एवं योग्य युवा सिफारिश के अभाव में दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। यहां जारी एक बयान में नेगी ने कहा कि उक्त भर्ती प्रक्रिया मामले में यूजेवीएनएल द्वारा कोई विज्ञापन आदि भी प्रकाशित नहीं कराया गया। विभाग द्वारा कुछ समय पश्चात उक्त दोनों सहायक अभियंताओं को पदोन्नति द्वारा अधिशासी अभियंता बना दिया गया।

### भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस ने हैल्थ एवं लाईफ सिक्योर प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस, भारत के अग्रणी बिजनेस समूहों में से एक, भारती इंटरप्राईजेस एवं दुनिया की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एक्सा के बीच संयुक्त उपक्रम ने आज अपनी तरह के प्रथम 'हैल्थ एंड लाईफ सिक्योर' के लॉन्च की घोषणा की। कोविड–19 के बीच प्रस्तुत यह एक समावेशी सुरक्षा समाधान है, जो लाईफ कवर, हॉस्पिटलाईजेशन एवं गंभीर बीमारियों के कवर का तिहरा फायदा प्रदान करता है। हैल्थ एवं लाईफ सिक्योर घरेलू बीमा बाजार में वित्तीय सुरक्षा एवं विस्तृत स्वास्थ्य व गंभीर बीमारी का कवरेज प्रस्तुत करने वाला एक ऑल–इन–वन सुरक्षा समाधान है।

### पत्रकार दानिश खान की स्मृति में किया पौधारोपण

**संवाददाता** देहरादून। हल्दूचौड़ श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष रहे स्वर्गीय दानिश खान की स्मृति में आदर्श प्रेस क्लब हल्दूचौड़ के तत्वावधान में औषधीय पौधों का रोपण किया गया रेंजर मदन बिष्ट द्वारा औषधीय पौधे उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर यहां प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रमोद बमेटा की अध्यक्षता में पौधारोपण से पूर्व पत्रकार दानिश खान की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दानिश खान पत्रकारों के सच्चे हितैषी थे तथा वे पत्रकारों की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाते हुए उनका हर संभव समाधान करते थे पत्रकार दानिश खान का निधन पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख रूपा देवी जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र दुम्का ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना होगा इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी मदन बिष्ट द्वारा अमलतास तेजपत्ता गुलमोहर हरेड़ा बहेड़ा आदि पौधे उपलब्ध कराए गए।



## विभागों में भर्तियां खोल कर बेरोजगार नौजवानों की नियुक्ति प्रारम्भ करने की मांग

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठकों के दूसरे दौर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह की अध्यक्षता तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष डॉ. श्रीमती इन्दिरा हृदयेश एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किषोर उपाध्याय की उपस्थिति में आज प्रदेश कांग्रेस महामंत्रियों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक मे सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रदेशभर के सभी कांग्रेसजनों को धन्यवाद देते हुए वैश्विक महामारी कोरोना की रोकथाम के लिए लगाये गये लॉक डाउन में कांग्रेसजनों द्वारा जनता के बीच किये गये

### प्रदेश कांग्रेस महामंत्रियों की बैठक हुई सम्पन्न

सराहनीय कार्यों तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित किये जिसमें सर्वप्रथम अन्य राज्यों से वापस आये प्रवासी बेरोजगारों को रोजगार हेतु प्रत्येक नागरिक को 5 लाख की सहायता राषि राज्य सरकार की ओर से दिये जाने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। महामंत्रियों की बैठक में पारित दूसरे प्रस्ताव में राज्य में व्याप्त बेरोजगारी को समाप्त करने के लिए तत्काल विभिन्न विभागों में भर्तियां खोल कर बेरोजगार नौजवानों की नियुक्ति प्रारम्भ करने की मांग की गई। बैठक का संचालन प्रदेष महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते लगाये गये लॉक डाउन के कारण पूरे देश में छोटे–छोटे उद्योग धन्धे, होटल व्यवसाय, पर्यटन व्यवसाय एवं अन्य प्रकार के निजी व्यवसाय पूरी तरह बन्द हो गये हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ0 इन्दिरा हृदयेष ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो चुकी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार का इंजन फेल हो गया है।

### अनिल बधानी बने धनोल्टी विस के भारतीय युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड भारतीय युवा कांग्रेस टिहरी के जिला अध्यक्ष कपिल जोशी ने टिहरी के धनोल्टी विधान सभा में भारतीय युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु एनएसयूआई के नेता एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल बधानी के नाम पर अपनी संस्तुति देते हुए उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति प्रदान की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अनिल बधानी ने पार्टी हित में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से कुशलता पूर्वक कार्य किया है जो काफी सराहनीय है। अनिल बधानी राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ मे एनएसयूआई के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रहे एवं कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता है। अनिल बधानी के भारतीय युवा कांग्रेस धनोल्टी विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जोत सिहं बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र रावत, प्रदीप (बिटटू) कवि, गंभीर सिहं नेगी, सुमन सिंह गुंसाई, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रतनमणी भट्ट, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विजय गुंसाई, महिपाल सिहं रावत एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने अनिल बधानी को शुभकामनाए दी है।